उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 24.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 24.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 24.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## चैत्र नवरात्रि पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला जागरूकता दौड़ का भव्य आयोजन...।

आज दिनांक 24.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य महिला जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसके साथ ही जागरूकता दौड़ का विधिवत आरम्भ हुआ। इस जागरूकता दौड़ में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश समाज तक पहुंचाया।

दौड़ के दौरान एवं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं कानूनों के प्रति जागरूक किया गया तथा किसी भी आपात स्थिति में निडर होकर पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी, प्रभारी महिला थाना सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 24.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

- **मिशन शक्ति के तहत 5.0 महोबा पुलिस का जनजागरण अभियान**
- **महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हर गांव तक पहुंची पुलिस**
- **ग्राम चौपालों में संवाद कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण, महिलाओं को किया गया जागरूक**







उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं नोडल मिशन शक्ति अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण किया गया तथा उन्हें जागरूक किया गया।

अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने एवं अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# महोबा पुलिस



## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह मय हमराह हे0कां0 सुमित कुमार व कां0 संग्राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 53/2026 धारा 70(2)/64(2)M/351(2)/61(2) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त जगदीश शरण सोनी उर्फ पप्पू सोनी पुत्र स्व0 हरनारायण सोनी उम्र 54 वर्ष निवासी मेन मार्केट झण्डा बाजार जैतपुर बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा को बाईपास तिराहा बेलाताल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह
2. हे0का0 सुमित कुमार 3.कां0 संग्राम सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त–

जगदीश शरण सोनी उर्फ पप्पू सोनी पुत्र स्व0 हरनारायण सोनी उम्र 54 वर्ष निवासी मेन मार्केट झण्डा बाजार जैतपुर बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा

